माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 2523 / 04 / परीक्षा / MSU / 2022–23 दिनांक : 21/01/2023

कार्यालय ज्ञाप

एतत्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा बी0ए0, बी0एस–सी0 एवं बी0कॉम (प्रथम सेमेस्टर) के घोषित परीक्षा परिणाम में अनुत्तीर्ण छात्रों द्वारा दिनांक : 24.01.2023 से प्रस्तावित विषम सेमेस्टर की परीक्षा के साथ बैक/भूतपूर्व परीक्षा करायी जानी की मांग के दृष्टिगत परीक्षा समिति की आकस्मिक ऑनलाइन बैठक दिनांक : 21.01.2023 को अपरान्ह 02:00 बजे आहुत की गई। परीक्षा समिति द्वारा किया गया निश्चय निम्नवत् है :–

"चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा बी0ए0, बी0एस–सी0 एवं बी0कॉम प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा आन्तरिक परीक्षा के अंक उपलब्ध न कराये जाने के कारण समस्त महाविद्यालयों के परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किये जा सके है, जिस कारण माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर द्वारा दिनांक : 24.01.2023 से आयोजित होने वाली परीक्षाओं के साथ प्रथम सेमेस्टर की बैक/भूतपूर्व परीक्षा कराया जाना सम्भव नहीं है। शैक्षणिक सत्र 2022–23 की विषम सेमेस्टर की परीक्षाऐं दिनांक : 24.01.2023 से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सम्पन्न करायी जाये। शैक्षणिक सत्र 2021–22 के बी0ए0, बी0एस–सी0 एवं बी0कॉम प्रथम सेमेस्टर के छात्रों की बैक/भूतपूर्व परीक्षा मार्च माह के द्वितीय पक्ष में सम्पन्न कराकर परीक्षा परिणाम पूर्ण कराया जाये।"

अतः परीक्षा समिति द्वारा किये गये निश्चय के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2022–23 की विषम सेमेस्टर की परीक्षाऐं दिनांक : 24.01.2023 से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सम्पन्न करायी जायेगी। शैक्षणिक सत्र 2021–22 के बी0ए0, बी0एस–सी0 एवं बी0कॉम0 प्रथम सेमेस्टर की बैक/भूतपूर्व परीक्षा फार्म फरवरी माह के प्रथम सप्ताह से ऑनलाइन भराये जायेगे तथा परीक्षा मार्च माह के द्वितीय पक्ष में सम्पन्न में करायी जायेगी।

भवदीय

/

कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त प्रेस विज्ञप्ति को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के सभी संस्करणों के विशेष स्थान देने हुए छात्रति में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
02. परीक्षा नियंत्रक।
03. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय।
04. परीक्षा समन्वयक।
05. वित्त अधिकारी।
06. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
07. सहायक कुलसचिव।
08. प्रभारी (सीक्रेसी)।
09. प्रभारी (सामान्य/भण्डार)।
10. प्रभारी वेबसाइट/कम्प्यूटर केन्द्र।
11. विश्वविद्यालय सूचना पट।

कुलसचिव